भारतीय विद्यालय मस्कत

MID-TERM EXAMINATION

कक्षा 7 **हिन्दी (Third Language)** **समय 2 घंटे**

दिनांक 14/9/17 **अंक 80**

खण्ड क

प्रश्न 1 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए। **7x2=14**

क भारत में कौन–सी जीवित घड़ी प्रसिद्ध रही है
ख राजा अपनी छोटी बेटी को क्यों नहीं पहचान पाया
ग जीवन का असली सारतत्व किसमें छिपा है
घ आगस्टिन किताब से किस चीज़ का काम लेते थे
ङ राजा अपनी बेटियों से क्या जानना चाहता था
च रास्ते का अंधियारा कैसे दूर किया जा सकता है
छ समय से जुड़े दो काम लिखिए।

प्रश्न 2 नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं पाँच (any five) प्रश्नों के उत्तर दो दो वाक्यों में लिखिए। **5x3=15**

क भिखारी से शादी होने के बाद राजकुमारी ने क्या किया
ख 'जब जीवन चलता है' कविता से क्या प्रेरणा मिलती है
ग घड़ी का हमारे जीवन में क्या महत्व है
घ 'नमक का मोल' कहानी के आधार पर मानवजीवन में नमक का क्या महत्व है
ङ यूरोपीय देशों में कौनसी घड़ी का प्रयोग प्रचलित था
च भव बाधाओं में क्या छिपा है वर्णन कीजिए।

प्रश्न 3 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए। **8x1=8**

क तम **अंधेरा** ख दीप **दीपक** ग पथ **रास्ता** घ नित **प्रत्येक दिन**
ङ सागर **समुद्र** च भव बाधा **जीवन में आने वाली परेशानियाँ** छ लक्ष्य **उद्देश्य**
झ महावीर **हनुमान**

प्रश्न 4 नीचे लिखे शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **3x1=3**

क मेहनत ख माँ ग घंटी

खण्ड ख

प्रश्न 5 नीचे लिखे वाक्यों में से सर्वनाम पहचान कर लिखिए। **4x=2**

क **मैं स्वयं** आ जाऊँगा।
ख **आपका** नाम **क्या** है

प्रश्न 6 नीचे लिखे वाक्यों में उचित सर्वनाम भरिए। **4x=2**

क जैसी करनी **वैसी** भरनी।
ख **जो** मेहनत करेगा **वह** ही सफल होगा।
ग दरवाज़ा **कौन** खटखटा रहा है

प्रश्न 7 नीचे लिखे शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। **4x=2**

क शरमीली –शर्मिली ख वयापार–व्यापार ग महीला–महिला घ सुलेक–सुलेख

प्रश्न 8 नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **4x1=4**

क मेरे को बाज़ार जाने है। **मुझे बाज़ार जाना है।**

ख क्या तुम्हें खाना खा लिया। **क्या तुमने खाना खा लिया**

ग यह रमेश की भाई हैं। **यह रमेश का भाई है।**

घ बच्चे मैदान पर खेलता हैं। **बच्चे मैदान में खेलते हैं।**

प्रश्न 9 नीचे लिखे शब्दों के लिंग बदलिए। **4x =2**

क पुत्र–पुत्री ख कवि–कवयित्री ग घोड़ा–घोड़ी घ नायक–नायिका

प्रश्न 10 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। **3x1=3**

क बालक कहानी पढ़ता है। **बालिका कहानी पढ़ती है।**

ख मेज़ पर एक गुड़िया रखी है। **मेज़ पर एक गुड्डा रखा है।**

ग अरे सेवक बाज़ार गया। **अरे सेविका बाज़ार गई।**

प्रश्न 11 नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण पहचान कर लिखिए। **4x =2**

क **छोटे** बच्चे के हाथ में **तिरंगा** झंडा है।

ख राजा ने **अनेक** महल बनवाए।

ग बोतल में **एक लीटर** दूध है।

प्रश्न 12 नीचे लिखे वाक्यों में उचित विशेषण भरिए। **6x =3**

क हमारी पाठशाला में **कितने** कमरे हैं

ख करेले का रस **कड़वा** होता है।

ग मुझे हिंदी की परीक्षा में **बीस** अंक मिले।

घ माँ ने **हरी कुछ** सब्जियाँ खरीदी।

च मोहन की **बड़ी** बेटी **पाँचवीं** कक्षा में पढ़ती है।

खण्ड ग

प्रश्न 13 मित्र को जन्मदिन पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए। **5**

प्रश्न 14 प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए ः **5**

मित्रता जीवन का अमूल्य धन है। आज के इस स्वार्थी संसार में सच्चा मित्र मिलना बहुत मुश्किल है।जीवन को सुखी बनाने में सच्चे मित्र का बड़ा योगदान होता है।सच्चा मित्र वह होता है जो सुखदुख दोनों में अपने मित्र का साथ दे। सच्चा मित्र अपने मित्र का हमेशा हित चाहता है।वह अपने मित्र के अवगुणों को छिपाता है और उसके सद्गुणों की सबके सामने प्रसन्नता करता है। वह उसकी बुराइयों को सुधारने की कोशिश करता है।वह अपने स्वार्थ के लिए उसे हानि नहीं पहुँचाता।

प्रश्न

क सच्चा मित्र सबके सामने क्या करता है **अपने मित्र के सद्गुणों को सबके सामने रखता है।**

ख जीवन का अमूल्य धन क्या है **मित्रता**

ग इस संसार में क्या मिलना मुश्किल है **सच्चा मित्र**

घ सच्चा मित्र आपका साथ कब देता है **सुखदुख दोनों में**

ङ 'लाभ' और 'सद्गुण' शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए। **हानि अवगुण**

प्रश्न 15 नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर 120 से 130 शब्दों में निबंध लिखिए। **10**

क मेरा देश महान ख पेड़ों का महत्व ग स्वतंत्रता दिवस

☺☺☺☺☺